


# प्लैनेट न्यूज़ इंडिया

हर खबर सच के साथ

अलीगढ़,बुधवार,17,सितम्बर,2025 Follow us on:/ planetnewsindia776@gmail.com


# PM Modi Net Worth

## पीएम बनने के बाद गहना नहीं खरीदा, एक प्लॉट था उसे भी दान दिया; परिवार के बारे में भी जानिए

आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का 75वां जन्मदिन है। भारतीय जनता पार्टी ने पीएम मोदी के जन्मदिन के जश्न को दो हफ्ते के सेवा पखवाड़े के तौर पर मनाने का एलान किया है। 17 सितंबर से दो अक्तूबर तक चलने वाले सेवा पखवाड़े के दौरान भाजपा कार्यकर्ता 1000 जिलों में रक्तदान शिविर के साथ-साथ 75 शहरों में नमो दौड़ का भी आयोजन कराएंगे। इसके अलावा पौधरोपण से लेकर और भी कई तैयारियां की गई हैं।प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बुधवार को 75 वर्ष के हो गए। भाजपा ने इस उपलक्ष्य में एक पखवाड़े से ज्यादा लंबे 'सेवा पखवाड़ा' की शुरुआत की है। केंद्र और राज्यों की भाजपा शासित सरकारों ने 2 अक्तूबर तक देश भर में स्वदेशी उत्पादों को बढ़ावा देने के लिए स्वास्थ्य शिविरों से लेकर स्वच्छता अभियान, बुद्धिजीवियों के समागम और मेलों तक, जन-जन तक पहुंचने, कल्याण, विकास और जागरूकता कार्यक्रमों की एक श्रृंखला आयोजित की है। पीएम मोदी खुद महिलाओं और बच्चों के स्वास्थ्य और पोषण पर केंद्रित एक राष्ट्रव्यापी अभियान की शुरुआत करने के लिए मध्य प्रदेश के धार जा रहे हैं। वे जनजातीय आबादी पर केंद्रित एक रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि मोदी ने अपने दूरदर्शी नेतृत्व, राष्ट्र के प्रति समर्पण और अथक परिश्रम से देश को नई ऊर्जा दी है और इसे एक नई दिशा दिखाई है। भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने समाज के हर वर्ग की प्रगति के लक्ष्य के साथ आत्मनिर्भर और विकसित भारत के निर्माण के लिए कई परिवर्तनकारी कदम उठाए हैं। केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने मोदी को दुनिया का सबसे लोकप्रिय नेता बताया और कामना की कि उनके नेतृत्व में भारत आत्मनिर्भर और विश्वगुरु बने, आतंकवाद और भ्रष्टाचार का उन्मूलन करे।बीते लोकसभा चुनाव में पीएम मोदी ने वाराणसी से नामांकन दाखिल करते वक्त शपथ पत्र में अपनी संपत्तियों की जानकारी दी थी। 2024 के हलफनामे के मुताबिक, बीते पांच साल में उनकी संपत्ति में 51 लाख रुपये की बढ़ोतरी हुई थी। प्रधानमंत्री के नाम कोई जमीन, घर, कार और अन्य वाहन नहीं






था। प्रधानमंत्री मोदी ने अपने चुनावी हलफनामे में बताया था कि उनके पास सोने की चार अंगूठियां हैं। इनका कुल वजन 45 ग्राम है। तब उसका कुल बाजार मूल्य 2,67,760 रुपये बताया गया था। 2019 और 2014 के चुनावी हलफनामे में भी प्रधानमंत्री ने अपने पास चार अंगूठियां होने का जिक्र किया है। 2019 में इसकी कीमत 1,13,800 रुपये थी। वहीं, 2014 में 1,35,000 रुपये थी। 2012 के गुजरात विधानसभा चुनाव के दौरान भी प्रधानमंत्री ने इन अंगूठियों को जिक्र किया था। तब इनकी कुल कीमत 1,23,777 रुपये बताई गई थी। प्रधानमंत्री मोदी ने 2002 में गांधीनगर में एक प्लॉट खरीदा था। नरेंद्र मोदी 3531.45 वर्ग फीट के इस प्लॉट के एक चौथाई के हिस्सेदार थे। उस वक्त इस प्लॉट का खरीद मूल्य 1,30,488.00 रुपये था। 2019 के चुनावी हलफनामे में प्रधानमंत्री ने इस प्लॉट का कुल बाजार मूल्य एक करोड़ 10 लाख रुपये बताया था। 2024 लोकसभा चुनाव के लिए दाखिल हलफनामे में प्रधानमंत्री ने अपनी कुल संपत्ति 3.02 करोड़ रुपये की बताई है। 2019 के चुनाव में पीएम ने 2.51 करोड़ रुपये की संपत्ति घोषित की थी। 2014 में जब नरेंद मोदी पहली बार लोकसभा चुनाव लड़े थे, तब उन्होंने 1.65 करोड़ रुपये की संपत्ति घोषित की थी। प्रधानमंत्री बनने से पहले मोदी गुजरात के मुख्यमंत्री थे। 2012 में मोदी ने मणिनगर सीट से विधानसभा का चुनाव लड़ा था, तब उन्होंने 1.33 करोड़ रुपये की संपत्ति घोषित की थी। 2007 में भी मोदी ने मणिनगर सीट से विधानसभा का चुनाव लड़ा था,

# मौलाना ने मस्जिद में किया पाप: सफाई करने वाली युवती को बनाया हवस का शिकार

युवती के परिजनों ने मौलाना के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया। पुलिस ने आरोपी मौलाना को गिरफ्तार कर लिया है। रजपुरा गांव की मस्जिद में मौलाना इरशाद नमाज पढ़ाता है।यूपी के बरेली स्थित बहेड़ी गांव की मस्जिद में नमाज पढ़ाने वाले मौलाना ने मस्जिद की साफ सफाई करने वाली युवती को जबरन पकड़कर उसके साथ दुष्कर्म किया। उसके विरोध करने पर उसकी अशलील फोटो वायरल करने की धमकी दी। इधर युवती जब गर्भवती हो गई तो परिजनों को मामले की जानकारी हुई। युवती के परिजनों ने मौलाना के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया। पुलिस ने आरोपी मौलाना को



गिरफ्तार कर लिया है। रजपुरा गांव की मस्जिद में मौलाना इरशाद नमाज पढ़ाता है। वहीं पास में उसको रहने का कमरा दिया गया है। वह एक वर्ष से गांव की एक युवती के साथ दुष्कर्म कर रहा था। जब युवती गर्भवती हो गई तो उसके परिजनों ने उससे सख्ती के साथ पूछा तो उसने आपबीती सुनाई। उसने बताया कि मौलाना जबरन उसके साथ दुष्कर्म करता था। उसने उसके अशलील फोटो अपने मोबाइल में खिंच रखे थे। वह उसे अक्सर धमकी देता था कि मस्जिद की साफ सफाई करने के बहाने वह उसके पास

# Dehradun Flood

## आपदा के कारण आज कई रूट डायवर्ट, मसूरी का रास्ता आज भी बंद, यहां देख लीजिए यातायात प्लान



देहरादून में आपदा ने भारी तबाही मचाई है। प्रदेश के पर्वतीय इलाकों में आज भी तेज दौर की बारिश की संभावना है। मौसम विज्ञान केंद्र की ओर से जारी पूर्वानुमान के अनुसार देहरादून और नैनीताल जिले के कुछ इलाकों में भारी से भारी बारिश का येलो अलर्ट जारी किया गया है। इसके अलावा अन्य जिलों में भी तेज दौर की बारिश की संभावना है। पुलों और मार्गों के क्षतिग्रस्त होने के कारण देहरादून में कई रूट डायवर्ट रहेंगे। एसएसपी अजय सिंह ने बताया कि जनता से पुलिस की व्यवस्था में सहयोग की अपील की गई है। वैकल्पिक मार्गों पर संकेतक बोर्ड लगाए जाएंगे ताकि लोगों को परेशानियों का सामना न करना पड़े। मसूरी का रास्ता बुधवार को भी बंद रहेगा।

# Charlie Kirk

## 'मैं इसे नहीं छोड़ूंगा...', चार्ली किर्क के हत्यारे ने पार्टनर को बताई थी हत्या की पूरी प्लानिंग

यूटा काउंटी के अटॉर्नी जेफ ग्रे ने सबूत पेश करते हुए बताया कि किर्क की हत्या करने वाली राइफल के ट्रिगर पर लगा डीएनए भी टायलर रॉबिन्सन से मेल खाता है, जिसके तहत रॉबिन्सन के दोषी पाए जाने पर उसे मौत की सजा हो सकती है।अमेरिकी के रूढ़िवादी कार्यकर्ता चार्ली किर्क की हत्या के आरोपी टायरल रॉबिंसन के खिलाफ मंगलवार को अदालत में हत्या के आरोप लगाए गए और अहम



सबूत पेश किए गए। यूटा काउंटी के अटॉर्नी जेफ ग्रे ने बताया कि रॉबिंसन ने अपने एक साथी को टेक्स्ट मैसेज भेजकर चार्ली किर्क की हत्या की बात कबूल की थी। साथ ही उसने एक नोट भी छोड़ा था, जिसमें लिखा गया था कि 'देश के प्रमुख रूढ़िवादी लोगों में से

# Aaj Ka Rashifal 17 September

## इन पांच राशि वालों को मिलेगा भाग्य का भरपूर साथ जिससे होगा धनलाभ

17 September Ka Rashifal: आचार्य मानस शर्मा से जानिए चंद्र राशि पर आधारित मेष, वृषभ, मिथुन, कर्क, सिंह, कन्या, तुला, वृश्चिक, धनु, मकर, कुंभ और मीन राशि वालों के लिए 17 सितंबर 2025 का राशिफल।आज, बुधवार 17 सितंबर है। आज के दिन चंद्रमा का गोचर अपनी खुद की राशि कर्क में होगा।




### मेष

आज का दिन आपके लिए किसी नए घर या वाहन आदि की खरीदारी के लिए बेहतर रहने वाला है। परिवार में यदि कोई कलह चल रही थी, तो वह भी दूर होगी और किसी सदस्य के विवाह प्रस्ताव पर मोहर लगने से माहौल खुशनुमा रहेगा। आप सामाजिक आयोजनों में बढ़ चढ़कर हिस्सा लेंगे। आपको कुछ बड़े नेताओं से भी मिलने का मौका मिल सकता है। आपको अपने किसी पुराने साथी के वापस आने से खुशी होगी।

### वृषभ

आज का दिन आपके लिए साहस और पराक्रम में वृद्धि लेकर आने वाला है। रोजगार को लेकर परेशान चल रहे लोगों को अच्छी सफलता मिलेगी। यदि आपके स्वास्थ्य में कुछ समस्या चल रही थी, तो वह भी दूर होती दिख रही है। आपका किसी बात को लेकर मन परेशान रहेगा। आपको वाहनों के प्रयोग को सावधान रहकर करना होगा। कोर्ट कचहरी से संबंधित मामले को लेकर लापरवाही बिल्कुल ना दिखाएं।

### मिथुन

आज का दिन आपके लिए आर्थिक दृष्टिकोण से अच्छा रहने वाला है। शेयर मार्केट में यदि आपने पहले इन्वेस्टमेंट किया था, तो वह आपको अच्छा लाभ देंगे। घूमने-फिरने के दौरान आपको कोई महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त होगी। आपके कुछ नए शत्रु उत्पन्न हो सकते हैं, जो आपको परेशान करने की कोशिश करेंगे। व्यापार में भी आपको अच्छा लाभ मिलेगा। आपके धन आगमन के रास्ते खोलेंगे और आपका दिमाग भी खूब चलेगा।

### कर्क

आज का दिन आपके लिए सुख साधनों में वृद्धि लेकर आने वाला है। आप अपनी ऊर्जा को सही कामों में लगाएं और संतान से यदि पढ़ाई-लिखाई को लेकर परेशान है, तो आपको उनके मन में चल रही उलझनों को जानकर उसे दूर करना होगा। आपकी सुख साधनों में वृद्धि होने से खुशी होगी। आपको पारिवारिक बिजनेस को लेकर अपने भाइयों से बातचीत करनी होगी। आप अपने जीवनसाथी से कोई बात गुप्त ना रखें और सामाजिक कामों में आपको एक नई पहचान मिलेगी।

### सिंह

आज का दिन आपके लिए पारिवारिक रिश्तों में मजबूती लेकर आएगा, लेकिन आपके खर्च आपकी टेंशनों को बढ़ा सकते हैं। आपको कोई सिरदर्द और आंखों से संबंधित समस्या परेशान करेगी। प्रेम जीवन जी रहे लोग साथी के साथ रोमांटिक समय व्यतीत करेंगे और उन्हें कोई गिफ्ट भी दे सकते हैं। आपको अपनी जेब का ख्याल रखते हुए खर्च करना बेहतर रहेगा। आप किसी दूसरे के मामले में बेवजह ना बोलें और बिजनेस कर रहे लोगों की स्थिति भी अच्छी रहेगी।

### कन्या

आज का दिन आपके लिए इनकम के मामले में बढ़िया रहने वाला है। आपकी इनकम का सोर्स बढ़ेंगे और यदि आपको कोई शारीरिक संबंधित समस्या चल रही थी, तो वह भी दूर होगी। आप काम को लेकर कुछ नई-नई खोज करेंगे, कहीं बाहर भी जा सकते हैं और आपको अत्यधिक बाहर के खाने से परहेज रखना होगा, क्योंकि उनको पेट से संबंधित कोई समस्या आपको परेशान करेगी। माता-पिता के आशीर्वाद से आपके काम आसानी से पूरे होंगे।

### तुला

आज का दिन व्यापार कर रहे लोगों के लिए बढ़िया रहने वाला है, उनको पार्टनरशिप से भी अच्छे लाभ मिलेंगे और कुछ नए लोग भी उनके साथ काम करने की हामी भर सकते हैं। यदि आपका कोई मामला कोर्ट-कचहरी में विवादित था, तो उसमें फैसला आपके पक्ष में आने से खुशी होगी। आपके घर किसी पार्टी का आयोजन हो सकता है। आपको अपनी जरूरत के हिसाब से खर्च करना बेहतर रहेगा, क्योंकि आप कुछ खर्च दिखावे के चक्कर में करेंगे, जो बाद में आपकी मुश्किलों को बढ़ा सकते हैं।

### वृश्चिक

आज का दिन आपके लिए भाग्य के दृष्टिकोण से अच्छा रहने वाला है। यदि आपके कामों में विघ्न आ रहे थे, तो वह भी दूर होंगे। आप जीवनसाथी के साथ किसी नए काम की शुरुआत कर सकते हैं। संतान की पढ़ाई-लिखाई से संबंधित यदि कोई समस्या थी, तो वह भी दूर होगी। आपको अपने काम को लेकर कहीं बाहर जाना पड़ सकता है। आप अपने बॉस की दी गई सलाह से काफी खुश होंगे और उनसे आपके रिश्तों में यदि कड़वाहट चल रही थी, वह भी दूर होगी।

### धनु

आज आपको कोई निवेश सोच समझकर करना होगा, क्योंकि आपका ध्यान भटकने की संभावना है और परिवार में किसी सदस्य से आपको कोई निराशाजनक सूचना सुनने को मिल सकती हैं। आप किसी अजनबी से लोगों अपनी बात शेयर न करे। बेवजह किसी बात को लेकर क्रोध न करें, नहीं तो आपकी इस आदत को लेकर लोग आपसे नाराज हो सकते हैं। आप वाहनों का प्रयोग भी थोड़ा सावधान रहकर करें और आपके स्वास्थ्य में भी उतार-चढ़ाव लगा रहेगा।

### मकर

आज का दिन आपके लिए ठीक-ठाक रहने वाला है। नौकरी में यदि आपकी बॉस से खटपट चल रही थी, तो वह भी दूर होगी। आपको किसी नए काम में हाथ आजमाने का मौका मिलेगा। आपको प्रमोशन आदि मिलने से एक स्थान से दूसरे स्थान पर भी जाना पड़ सकता है। आप अपने मन की इच्छा को लेकर अपनी माताजी से बातचीत कर सकते हैं, जिनसे आप प्रेम करते हैं, आप उनसे अपने प्रेम का इजहार करें, तो आपको बेहतर रिजल्ट मिलेंगे।

### कुंभ

आज आपको अपनी वाणी और व्यवहार पर संयम रखना होगा। किसी से कोई जरूरी जानकारी शेयर ना करें। जीवनसाथी से भी आपकी कहासुनी होने की संभावना है। संपत्ति को लेकर आप अपने भाई- बहनों से मिल बैठकर बातचीत करें। एक साथ कई काम हाथ लगने से आपकी व्याकाग्रता बढ़ेगी। आपको किसी पुरानी गलती से सबक लेना होगा। आपको कोई परिजन आपके घर मेल मिलाप करने आ सकता है। राजनीति में आप सोच समझकर कदम बढ़ाएं।

### मीन

आज का दिन आपके लिए बढ़िया रहने वाला है। संतान आपकी उम्मीदों पर खरी उतरेगी, जो विद्यार्थी किसी परीक्षा को लेकर परेशान चल रहे हैं, उन्हें उसमें अच्छी सफलता हासिल होगी। भगवान के भक्ति में आपका खूब मन लगेगा। व्यापार में आप कुछ नई योजनाओं की शुरुआत कर सकते हैं, जो आपके लिए अच्छी रहेगी। यदि आप किसी बात को लेकर परेशान चल रहे थे, तो आपकी वह इच्छा भी पूर्ण होगी। माताजी के स्वास्थ्य में गिरावट आ सकती है, जिसको लेकर आपको बहुत भागदौड़ भी बनी रहेगी।

आज, बुधवार 17 सितंबर है। आज के दिन चंद्रमा का गोचर अपनी खुद की राशि कर्क में होगा। जिस कारण से गौरी योग का संयोग बनेगा। इसके अलावा आज कई तरह के दूसरे शुभ योग भी बनेंगे जिसके चलते कई राशियों को लाभ भी मिलेगा। आइए विस्तार से जानते हैं मेष से लेकर मीन राशि वालों के लिए आज का राशिफल।को निकालते समय ग्रह-नक्षत्र के साथ-साथ पंचांग की गणना का विश्लेषण किया जाता है। दैनिक राशिफल (Dainik Rashifal) ग्रह-नक्षत्र की चाल पर आधारित फलादेश है, जिसमें सभी राशियों (मेष, वृष, मिथुन, कर्क, सिंह, कन्या, तुला, वृश्चिक, धनु, मकर, कुंभ और मीन) का दैनिक भविष्यफल विस्तार से बताया जाता है।

# आधी रात बादल फटा तो हिलने लगा घर

## बाहर मची थी चीख-पुकार, 15 मिनट और रुकते तो मारे जाते



देहरादून में आई आपदा के प्रभावितों ने बताया कि पहले एक बजे और फिर चार बजे बादल फटा। मजाडा गांव के लोग चैन की नींद सोए थे। आंख खुली तो चारों ओर पानी-पानी था। लोगों ने सीटियां बजाकर और टॉर्च जलाकर लोगों को एक जगह एकत्रित किया।सहस्रधारा से पांच किमी ऊपर की ओर स्थित मजाडा गांव में बादल फटा तो लोगों के घर हिलने लगे। नींद खुली तो बाहर चीख-पुकार मची थी। सीटियां बजाकर और टॉर्च जलाकर लोग एक-दूसरे को सुरक्षित स्थान पर एकत्रित करने के लिए आह्वान कर रहे थे। जमाडा गांव के दीपू और जामा ने यह आपबीती सुनाई।दोनों परिवार के साथ सुरक्षित स्थान की तलाश में निकल चुके हैं। चेहरे पर तबाही का डर और कई किमी पैदल चलने की थकान समेटे दीपू और जामा का हाल-चाल पूछा तो वे रोने लगे। कहा कि सब बरबाद हो गया। रात करीब एक बजे जब पहली बार बादल फटा तो बाहर लोगों की चीख-पुकार मची थी। थोड़ी देर बाद बाहर का माहौल शांत हुआ तो लगा तबाही टल गई लेकिन तड़के करीब चार बजे फिर से घर की जड़ें हिलने लगीं। तब लोगों को लगा कि अब कुछ नहीं बचेगा। इसके बाद वे घरों से बाहर निकल गए। लोगों को सीटियां और टॉर्च जलाकर गांव में एक जगह एकत्रित किया गया।जामा ने बताया कि वे करीब साढ़े चार बजे परिवार के दो बच्चों समेत कुल पांच लोग घर से निकल गए थे। 15 मिनट बाद ही उनका घर पानी में बह गया। उन्होंने कहा कि अगर घर से बाहर न निकलते तो सभी दब जाते। गांव में इससे पहले ऐसा मंजर कभी भी देखने को नहीं मिला था।मजाडा से आए लोगों ने बताया कि उनके कई पड़ोसियों के मलबे में दबे होने की आशंका है। दशकों से वे एक साथ रह रहे हैं लेकिन आज आपदा ने ऐसी तबाही मचाई की एक-दूसरे के साथ खड़े नहीं हो पाए। जिसको जहां जगह मिली वहां भाग गया। उन्होंने कड़ी मेहनत और परिश्रम से घर बनाए थे।

# पंजाब में खेत लापता

**पानी के कारण एक लाख एकड़ से ज्यादा जमीन की निशानदेही खत्म, किसान परेशान** **पंजाब में बाढ़ से 4.89 लाख एकड़ कृषि भूमि प्रभावित हुई है। सबसे अधिक नुकसान फाजिल्का, कपूरथला, मानसा, पटियाला, अमृतसर, फिरोजपुर में हुआ है।**



पंजाब में बाढ़ ने भीषण तबाही मचाई। लाखों एकड़ जमीन पर खड़ी फसल बर्बाद हो गई। लोग घर से बेघर हो गए। हजारों एकड़ खेती योग्य जमीन को नदियां लील गईं। अब जैसे-जैसे पानी उतर रहा है किसानों के लिए अपनी जमीन पहचानने का संकट भी पैदा हो गया है। पानी में बहकर आए रेत और गाद के कारण उनकी जमीन की निशानदेही खत्म हो गई है। अब किसान यह नहीं समझ पा रहे कि कौन से खेत उनके हैं। बाढ़ से परेशान किसान अब अपने खेतों को ढूंढने में लगे हैं। निशानदेही खत्म होने से सीमांकन विवाद बढ़ने की भी आशंका है, जिससे राजस्व विभाग की परेशानी भी बढ़ने वाली है।किसान मजदूर मोर्चा के नेता गुरअमनीत सिंह ने कहा कि बाढ़ ने खेतों की निशानदेही खत्म कर दी है। एक लाख एकड़ कृषि भूमि ऐसी है, जहां सब कुछ साफ हो गया है। किसान अपने खेतों की पहचान नहीं कर पा रहे हैं। प्रदेश के एक राजस्व अधिकारी ने बताया कि सभी जिलों में ही यह समस्या है। वह सब कुछ सामान्य होने का इंतजार कर रहे हैं, ताकि राहत कार्यों में किसी भी तरह की रुकावट न आए। उसके बाद ही दोबारा निशानदेही शुरू कर देंगे। वहीं कांग्रेस सांसद अमर सिंह ने बताया कि उनके लोकसभा क्षेत्र में गांव ससराली पड़ता है, जहां सतलुज ने रास्ता बदला और 500 से 600 एकड़ कृषि भूमि नदी में समा गई। सरकार को पूरे मामले की जांच करवाकर किसानों को राहत प्रदान करनी चाहिए।सतलुज में आई बाढ़ में गांवों की 200 एकड़ जमीन दरिया में समा गई है। किसान प्रवीण धवन ने बताया

# Anurag Kashyap

## मैं नई चीजें आजमाता रहता हूं', निशानची को लेकर अनुराग बोले- इस बार पैसे भी कमाऊंगा



Anurag Kashyap On Nishaanchi: 'निशानची' के जरिए अनुराग कश्यप एक बार फिर गैंगस्टर की कहानी वाली फैमिली ड्रामा लेकर आ रहे हैं। अब फिल्म की सफलता और अपनी फिल्ममेकिंग को लेकर उन्होंने बात की।फिल्ममेकर अनुराग कश्यप इन दिनों अपनी आगामी फिल्म 'निशानची' को लेकर चर्चाओं में बने हुए हैं। 'निशानची' के जरिए अनुराग एक बार फिर गैंग्स ऑफ वासेपुर जैसी एक एक्शन से भरपूर फैमिली ड्रामा लेकर आ रहे हैं, जिसमें जबरदस्त गैंगवॉर देखने को मिलेगी। अब अनुराग ने फिल्म में नए चेहरों को लेने, फिल्म की कास्टिंग और बॉक्स ऑफिस पर सफलता के उनके लिए मायने को लेकर बात की।टेली टॉक इंडिया से बातचीत के दौरान अनुराग कश्यप से जावेद अख्तर द्वारा उनकी फिल्म 'मुक्काबाज' को लेकर की गई टिप्पणी पर सवाल किया गया। दरअसल, जावेद अख्तर ने अनुराग से पूछा था कि उन्होंने ऐसी फिल्म क्यों बनाई जिसका अंत कोई कमाई नहीं करेगा। अब इस टिप्पणी को लेकर अनुराग ने निशानची के बारे में कहा

## Lokah: ममूटी और प्रियदर्शन को नहीं थी 'लोका चैप्टर 1' की सफलता की उम्मीद

# दुलकर सलमान ने बताया पिता का रिएक्शन



मलयालम फिल्म 'लोका चैप्टर 1 - चंद्रा' ने बॉक्स ऑफिस पर शानदार प्रदर्शन किया। फिल्म इस साल की एक सरप्राइज हिट निकली। फिल्म की कहानी और कल्याणी प्रियदर्शन की एक्टिंग ने लोगों को काफी प्रभावित किया। अब फिल्म के प्रोड्यूसर व अभिनेता दुलकर सलमान ने खुलासा किया कि उनके पिता व दिग्गज अभिनेता ममूटी और कल्याणी के पिता व दिग्गज फिल्ममेकर प्रियदर्शन को फिल्म के सफल होने की उम्मीद नहीं थी।द हॉलीवुड रिपोर्टर इंडिया के साथ बातचीत के दौरान दुलकर सलमान ने बताया कि कैसे उनके और कल्याणी के पिता इस फिल्म को लेकर चिंतित थे, लेकिन अब उन्हें इस पर गर्व है। कल्याणी ने फिल्म की सफलता पर अपने पिता प्रियदर्शन की प्रतिक्रिया का भी खुलासा किया। दुलकर ने कहा कि उनके पिता को 'लोका' से बिल्कुल भी उम्मीदें नहीं थीं। उन्होंने कहा, 'तुम क्या सोच रहे थे? तुम यह शर्त क्यों लगा रहे हो?'

# फराह ने सलमान खान से की बाबा रामदेव की तुलना



Farah Khan Meets Baba Ramdev: हाल ही में कोरियोग्राफर फराह खान, बाबा रामदेव के आश्रम में पहुंची, जिसका जिक्र उन्होंने अपने व्लॉग में किया है। इसी दौरान फराह ने सलमान खान की तुलना बाबा रामदेव से की। मशहूर कोरियोग्राफर फराह खान अक्सर सेलेब्स के घर जाती हैं या वो उनके यहां आते हैं। इसका व्लॉग फराह अपने चैनल पर अपलोड करती हैं। हाल ही में कोरियोग्राफर अपने कुक दिलीप के साथ बाबा रामदेव से मिलने उनके आश्रम पहुंची। इसके अलावा उन्होंने उनसे कई बातें भी कीं। इसी दौरान फराह ने बॉलीवुड अभिनेता सलमान खान और बाबा रामदेव की तुलना भी की। जानिए उन्होंने क्या कहा। फराह खान ने अपने व्लॉग में दिखाया कि वो कुक दिलीप के साथ बाबा रामदेव से मिलने पहुंची हैं। इसमें फराह ने कहा, "तो आप और सलमान खान एक जैसे हैं, वह 1BHK में रहते हैं और बाकी सबके लिए महल बनाते हैं।' उनकी इस मजाकिया टिप्पणी से रामदेव और फराह हंस पड़े। व्लॉग में देखा जा सकता है कि बाबा रामदेव, फराह खान को अपने आलीशान आश्रम को दिखात नजर आते हैं। इसी दौरान रामदेव अपनी सादगीपूर्ण जीवनशैली की बात करते हैं। साथ ही कहते हैं, 'हमने लोगों के रहने के लिए महल रखा है और अपने लिए झोपड़ी।' इसी पर फराह खान ने सलमान खान से जोड़कर जवाब दिया, तो बाबा रामदेव ने सहमति जताते हुए कहा, 'हां, ये बात तो सही है।'फराह खान के करियर की बात करें, तो उन्हें हाल ही में बिग बॉस 19 में वीकएंड वार पर होस्ट करते देखा गया था। उन्होंने सलमान खान की गैरमौजूदगी में ये जिम्मा उठाया था।

## Jolly LLB 3: आ गया 'जॉली एलएलबी 3' का ट्रेलर, इस बार कोर्ट में मजा और बहस होगी तीन गुना




अक्षय कुमार और अरशद वारसी की फिल्म 'जॉली एलएलबी 3' का ट्रेलर आज रिलीज हो गया है। फैंस इस फिल्म का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। अब ट्रेलर सामने आने के बाद फैंस की फिल्म को लेकर उत्सुकता और भी बढ़ गई है। सुभाष कपूर द्वारा निर्देशित 'जॉली एलएलबी 3' 19 सितंबर को सिनेमाघरों में रिलीज होनी है। फिल्म में अक्षय कुमार और अरशद वारसी के अलावा सौरभ शुक्ला, हुमा कुरैशी, अम्रता राव और संजय मिश्रा सरीखे कलाकार भी अहम भूमिकाओं में नजर आएंगे। 'जॉली एलएलबी 3' इस कोर्ट रूम ड्रामा फ्रेंचाइजी की तीसरी किश्त है। इससे पहले फिल्म के दो पार्ट रिलीज हो चुके हैं। पहले पार्ट में जहां अरशद वारसी जॉली बने थे, जो मेरठ से आता है। जबकि दूसरे पार्ट 'जॉली एलएलबी 2' में अक्षय कुमार जॉली के किरदार में नजर आए थे। यह जॉली कानपुर से आता है। अब फिल्म के तीसरे पार्ट में दोनों ही जॉली पहली बार एकसाथ नजर आएंगे।




# रानी मुखर्जी से लेकर अजय देवगन तक, इन कलाकारों ने पर्दे पर निभाया पुलिस का दमदार किरदार





**Police Roles In Bollywood:** पर्दे पर कई कलाकारों ने पुलिस का किरदार निभाया है। इन्हें दर्शकों ने खूब प्यार दिया। आइए इन कलाकारों के बारे में जानते हैं। मनोज बाजपेयी फिल्म 'इंस्पेक्टर जेंडे' में इंस्पेक्टर मधुकर जेंडे के रूप में दर्शकों का दिल जीत रहे हैं। पिछले कुछ वर्षों में, बॉलीवुड ने कई मशहूर पुलिसवाले दिए हैं। इन लोगों ने अपने साहस से पर्दे पर अपनी चमक बिखेरी है। आइए, फिल्मी दुनिया के बेहतरीन पुलिस किरदारों पर एक नजर डालते हैं। **साल 2011 में रिलीज हुई फिल्म 'सिंघम' में अजय देवगन ने इंस्पेक्टर बाजीराव सिंघम की भूमिका निभाई।** इस फिल्म में उनके पुलिस वाले रोल को खूब पसंद किया गया। इसके बाद निर्देशक रोहित शेट्टी ने साल 2014 में 'सिंघम रिटर्न' और 2024 में 'सिंघम अगेन' बनाई।

# Prasoon Joshi



Prasoon Joshi Birthday Special: बॉलीवुड के कई बेहतरीन गाने लिखने वाले प्रसून जोशी आज अपना जन्मदिन मना रहे हैं। आइए जानते हैं उनके फिल्मी सफर के बारे में। बॉलीवुड फिल्मों को कई बेहतरीन गाने देने वाले गीतकार प्रसून जोशी का आज 54वां जन्मदिन है। वह 16 सितंबर 1971 को उत्तराखंड के जिला अल्मोड़ा में जन्मे। उन्होंने कई फिल्मों के लिए बेहतरीन डायलॉग्स भी लिखे। उन्हें 11 अगस्त 2017 को केंद्रीय फिल्म प्रमाणन बोर्ड का अध्यक्ष नियुक्त किया गया। आज उनके जन्मदिन के मौके पर हम आपको उनसे जुड़ी कुछ खास बाते बता रहे हैं।कई फिल्मों की पटकथा लिखने वाले प्रसून जोशी को बचपन से लिखने-पढ़ने का शौक था। उन्होंने सिर्फ 17 साल की उम्र में अपनी पहली किताब 'मैं और वो' लिखी। उन्होंने भौतिक विज्ञान में पोस्ट ग्रेजुएशन किया। इसके बाद एमबीए की पढ़ाई की। पढ़ाई के बाद वह दिल्ली में एक विज्ञापन कंपनी के साथ जुड़े। इसके बाद उन्होंने अंतरराष्ट्रीय कंपनी 'मैकऐन इरेक्शन' में कार्यकारी अध्यक्ष के तौर पर काम किया।

## Manila: अवैध तंबाकू व्यापार रोकने के लिए बढ़ानी होगी सख्ती

## मनीला में आयोजित सम्मेलन में कारोबार पर चर्चा



मनीला में आयोजित सम्मेलन में अवैध तंबाकू कारोबार पर चर्चा हुई। इसमें सार्वजनिक स्वास्थ्य को लेकर बड़ी चिंता सामने आई, जिसका कारण अवैध तंबाकू व्यापार है। इसे कैसे रोक सकते हैं...इस पर फिलिप मॉरिस इंटरनेशनल के अवैध व्यापार रोकथाम प्रमुख रॉडनी वैन डूरेन ने अमर उजाला के राहुल कांकरिया से अहम जानकारियां साझा कीं। दक्षिण एवं दक्षिण-पूर्व एशिया में अवैध व्यापार से निपटने की क्या रणनीति रही और आपके नेतृत्व से इसमें कैसे मदद मिली?वाणिज्यिक नेतृत्व से अवैध व्यापार पर ध्यान देने के लिए एक महत्वपूर्ण मानसिक बदलाव की जरूरत है। व्यवसाय में, संचालन किसी देश के नियमों से निर्देशित होता है, जिनका हमें पूरी तरह पालन करना होता है। साथ ही, फिलिप मॉरिस इंटरनेशनल (पीएमआई) की अपनी नीतियां और प्रक्रियाएं भी हैं। इसके उलट, अवैध नेटवर्क बिना किसी व्यवस्था के काम करते हैं। मैं इसे जटिल संगठित अपराध और पैसे की हेराफेरी की योजना कहता हूं, जिसके आतंकी फंडिंग से भी संबंध हैं। नकली सिगरेट का अवैध कारोबार तेजी से फलफूल रहा है। वैध की तुलना में सस्ता होने की वजह से अवैध उत्पादों के प्रति आकर्षण बढ़ा है। यह न सिर्फ उपभोक्ता मांग के लिए चुनौती है, बल्कि नियामकी अनुपालन को बनाए रखने की जरूरत पर बल देती है।तंबाकू उत्पादों के निर्यात के मोर्चे पर नियामकीय खामियां दिखती हैं। आसियान, भारत, चीन और जीसीसी में निर्माताओं, निर्यातकों व ट्रांसशिपर्स के लिए सिर्फ घरेलू नियमों का पालन करना आवश्यक है। उन पर यह सुनिश्चित करने की जिम्मेदारी नहीं है कि उत्पाद उपभोग के लिहाज से बाजार में वैध है या नहीं। ऐसे में अवैध उत्पाद बन रहे हैं और उनका निर्यात हो रहा है।

## UPI Rule Change

### अब यूपीआई से 24 घंटे में कर सकेंगे 10 लाख तक का लेनदेन,15 सितंबर से लागू




अब यूपीआई से 24 घंटे में 10 लाख तक का लेनदेन किया जा सकेगा। हालांकि, यह केवल उन संस्थाओं के लिए है, जो कर यानी टैक्स भुगतान से जुड़ी श्रेणियों में आती हैं। भारतीय राष्ट्रीय भुगतान निगम (एनपीसीआई) ने 15 सितंबर की आयकर रिटर्न दाखिल करने की अंतिम तारीख को देखते हुए यह फैसला किया है।

**बैंक अपनी नीतियों के अनुसार आंतरिक सीमाएं तय कर सकेंगे** 12 अन्य श्रेणियों में भी प्रति लेनदेन और 24 घंटे में कुल लेनदेन सीमा बढ़ा दी है। बैंकों को सुनिश्चित करना होगा कि 24 घंटे की सीमा उनके पास ही रहे। निगम ने बैंकों को अपनी नीतियों के अनुसार आंतरिक सीमाएं तय करने की छूट भी दी है।

**व्यक्ति से व्यक्ति लेनदेन एक लाख रुपये प्रतिदिन ही रहेगा** यह बदलाव केवल सत्यापित व्यापारियों के साथ व्यक्ति से व्यापारी लेनदेन पर लागू होंगी। व्यक्ति से व्यक्ति लेनदेन एक लाख रुपये प्रतिदिन ही रहेगा। सभी बैंकों, एप्स व भुगतान सेवा प्रदाताओं को 15 सितंबर तक यह लागू करना होगा। **10 लाख रुपये तक होने वाले लेनदेन** पूंजी बाजार व बीमा के लिए, प्रति लेनदेन व कुल लेनदेन, दोनों की सीमा 24 घंटे के लिए बढ़ा दी है। अभी प्रति लेनदेन 2 लाख रुपये तक सीमा थी। 15 सितंबर से सत्यापित व्यापारियों को प्रति लेनदेन 5 लाख तक भुगतान कर सकते हैं। 24 घंटे में 10 लाख रुपये तक का भुगतान भी कर सकते

## US-Japan Trade

### अमेरिका-जापान व्यापार समझौता लागू, ट्रंप ने कार्यकारी आदेश पर हस्ताक्षर किए; बेसलाइन टैरिफ 15%

अमेरिका और जापान के बीच के रिश्ते में एक नया अध्याय शुरू हो गया है। इसके लिए अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने आधिकारिक तौर पर अमेरिका-जापान व्यापार समझौते को लागू करने वाला एक कार्यकारी आदेश जारी किया है। व्हाइट हाउस ने बताया कि इस समझौते के तहत जापान से आने वाले लगभग सभी सामानों पर अमेरिका में 15 प्रतिशत आधारभूत टैरिफ (कर) लागू किया जाएगा। साथ ही, जापान ने अमेरिका में 550 बिलियन डॉलर का निवेश करने पर सहमति दी है।



**अमेरिका-जापान के रिश्ते का नया दौर**

इस आदेश में बताया गया है कि यह समझौता अमेरिका और जापान के बीच व्यापारिक रिश्तों के नए दौर की शुरुआत करेगा, जो दोनों देशों के हितों और बराबरी के सिद्धांतों पर आधारित होगा। इसके तहत अमेरिका लगभग सभी जापानी आयातों पर 15 प्रतिशत टैरिफ लगाएगा, जबकि कुछ खास क्षेत्रों जैसे ऑटोमोबाइल, विमान निर्माण, दवाइयां और प्राकृतिक संसाधनों पर अलग नियम लागू होंगे। बता दें कि इस समझौते के बाद जापान अमेरिका से वाणिज्यिक विमान और रक्षा उपकरण भी खरीदेगा। इसके अलावा, जापान अमेरिका को कृषि, ऊर्जा, वाहन और अन्य उद्योगों में बाजार खोलने का मौका देगा।

# Share Market

## मामूली गिरावट के साथ खुला घरेलू शेयर बाजार, बाद में पकड़ी रफ्तार; हरे निशान पर सेंसेक्स-निफ्टी




अमेरिकी फेडरल रिजर्व की ओर से अगले सप्ताह ब्याज दरों में कटौती की उम्मीद के बीच एशियाई बाजारों में तेजी देखी गई। इसके चलते गुरुवार को शुरुआती कारोबार में बेंचमार्क इक्विटी सूचकांक सेंसेक्स और निफ्टी बढ़त के साथ कारोबार कर रहे थे। भारत-अमेरिका व्यापार वार्ता के सफल समापन को लेकर नए उत्साह ने भी बाजारों को सकारात्मक दायरे में बने रहने में मदद की। शुरुआती कारोबार में 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 153.82 अंक चढ़कर 81,578.97 पर पहुंच गया। ऐसे ही 50 शेयरों वाला एनएसई निफ्टी 34.15 अंक बढ़कर 25,007.25 पर आ गया।

**किसे फायदा-किसे नुकसान?**

सेंसेक्स की कंपनियों में इटरनल, अदाणी पोर्ट्स, एनटीपीसी, बजाज फाइनेंस, भारतीय स्टेट बैंक और बजाज फिनसर्व हरे निशान पर दिखाई दिए। हालांकि, इंफोसिस, टेक महिंद्रा, अल्ट्राटेक सीमेंट और कोटक महिंद्रा बैंक पिछड़ते नजर आए। एक्सचेंज के आंकड़ों के अनुसार, बुधवार को एक दिन की राहत के बाद विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) ने 115.69 करोड़ रुपये के शेयर बेचे। हालांकि, घरेलू संस्थागत निवेशकों (डीआईआई) ने पिछले दिन 5,004.29 करोड़ रुपये के शेयर खरीदे

## सेंसेक्स के 30 शेयरों का हाल

11 Sep 25 | 09:29 | Open

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| ADANIPORTS 1414.80 +1.86 % | ETERNAL 329.90 +1.74 % | NTPC 329.30 +1.14 % | BEL 390.80 +0.72 % | SBIN 824.05 +0.70 % | SUNPHARMA 1602.45 +0.55 % |
| POWERGRID 284.05 +0.41 % | BAJFINANCE 971.90 +0.40 % | TCS 3121.45 +0.36 % | ITC 414.40 +0.35 % | TITAN 3630.60 +0.31 % | RELIANCE 1380.80 +0.29 % |
| TATAMOTORS 710.75 +0.25 % | BAJAJFINSV 2042.30 +0.24 % | M&M 3612.10 +0.19 % | LT 3559.80 +0.18 % | TATASTEEL 169.55 +0.12 % | MARUTI 15139.00 +0.10 % |
| AXISBANK 1071.45 +0.07 % | ASIANPAINT 2544.05 +0.07 % | ICICIBANK 1403.50 0.00 % | TRENT 5190.30 -0.14 % | HCLTECH 1462.15 -0.17 % | HINDUNILVR 2639.00 -0.18 % |
| HDFCBANK 964.25 -0.19 % | BHARTIARTL 1886.90 -0.20 % | ULTRACEMCO 12453.70 -0.23 % | KOTAKBANK 1967.40 -0.30 % | TECHM 1515.95 -0.65 % | INFY 1516.25 -1.07 % |

## एनएसई के टॉप गेनर्स और टॉप लूजर्स शेयर

**Gainers** Losers Most Active(Value) Most Active(Volume) ETFs(Volume)

| SYMBOL | LTP | CHNG | %CHNG | VOLUME (Lakhs) | VALUE (₹ Crores) |
|---|---|---|---|---|---|
| INDOCO | 317.75 | 40.90 | 14.77 | 2.52 | 7.76 |
| TOLINS | 195.50 | 19.93 | 11.35 | 21.42 | 41.11 |
| CYBERMEDIA | 21.73 | 1.97 | 9.97 | 0.78 | 0.17 |
| KMEW | 1,902.70 | 150.80 | 8.61 | 0.56 | 10.70 |
| GREENPANEL | 295.00 | 22.20 | 8.14 | 0.89 | 2.55 |

Gainers **Losers** Most Active(Value) Most Active(Volume) ETFs(Volume)


| SYMBOL | LTP | CHNG | %CHNG | VOLUME (Lakhs) | VALUE (₹ Crores) |
|---|---|---|---|---|---|
| GOODLUCK | 1,076.90 | -73.70 | -6.41 | 2.17 | 23.86 |
| NOIDATOLL | 4.59 | -0.25 | -5.17 | 0.36 | 0.02 |
| BILVYAPAR | 12.42 | -0.66 | -5.05 | 0.04 | 0.00 |
| PREMIER | 3.21 | -0.17 | -5.03 | 0.00 | 0.00 |
| BVCL | 59.40 | -3.13 | -5.01 | 0.11 | 0.06 |

# BOOK YOUR ADVERTISEMENT



+91 7088120612
















# IND vs PAK: 'हाथ मिलाना सिर्फ परंपरा है

## नियम नहीं', हैंडशेक विवाद पर टीम के साथ BCCI; पाकिस्तान को करारा जवाब








एक वरिष्ठ बीसीसीआई अधिकारी ने साफ कहा कि हाथ मिलाना केवल एक परंपरा है, कोई नियम नहीं। उन्होंने कहा कि भारतीय टीम बाध्य नहीं है कि वह विपक्षी टीम से हाथ मिलाए।एशिया कप 2025 में भारत-पाकिस्तान मुकाबले के बाद हुए 'हैंडशेक विवाद' पर आखिरकार भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (BCCI) की ओर से बयान आया है। पाकिस्तान के खिलाफ मैच में भारत की सात विकेट से जीत के बाद भारतीय खिलाड़ियों ने पाकिस्तान क्रिकेटरों से हाथ नहीं मिलाया। कप्तान सूर्यकुमार यादव ने भी पाकिस्तान कप्तान सलमान अली आगा से अभिवादन नहीं किया। इस घटना से पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (PCB) नाराज हो गया और उसने एशियन क्रिकेट काउंसिल (ACC) में आधिकारिक शिकायत दर्ज कराई।एक वरिष्ठ बीसीसीआई अधिकारी ने साफ कहा कि हाथ मिलाना केवल एक परंपरा है, कोई नियम नहीं। अधिकारी ने न्यूज एजेंसी पीटीआई से कहा, 'देखिए, अगर आप नियमों की किताब पढ़ेंगे तो उसमें हाथ मिलाने का कोई जिक्र नहीं है। यह सिर्फ एक गुडविल जेस्चर है और खेल भावना के तहत दुनिया भर में एक परंपरा के रूप में निभाया जाता है।'BCCI अधिकारी ने आगे कहा, 'अगर इस बारे में कोई नियम नहीं है, तो भारतीय टीम बाध्य नहीं है कि वह विपक्षी टीम से हाथ मिलाए, खासकर तब जब दोनों देशों के रिश्ते तनावपूर्ण हों।' भारतीय खिलाड़ियों का पाकिस्तान खिलाड़ियों से हाथ नहीं मिलाना अब बड़ा विवाद बनता जा रहा है। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) भी भारत से मुंह की खाने के बाद बौखला गया है और उसने हाथ नहीं मिलाने के लिए मैच रैफरी एंडी पायक्रॉफ्ट को इसके लिए जिम्मेदार ठहराते हुए हटाने की मांग की है। भारतीय कप्तान सूर्यकुमार ने टीम के इस स्टैंड का समर्थन किया था और मैच के बाद जीत सशस्त्र बलों को समर्पित की थी

# Asia Cup: पाकिस्तानी खिलाड़ियों से हाथ नहीं

## राजमार्गों को भू-स्थानिक डाटा में अपडेट करना जरूरी', RGI का राज्यों को निर्देश



Census: भारत के महापंजीयक एवं जनगणना आयुक्त ने जनगणना-2027 की तैयारी के तहत सभी प्राकृतिक और प्रशासनिक सीमाओं को मानचित्रों में अपडेट करने के निर्देश दिए हैं, ताकि किसी क्षेत्र की गणना में चूक न हो। जनगणना 16 वर्षों बाद दो चरणों में होगी, जिसमें जातिगत गणना भी शामिल रहेगी।भारत के महापंजीयक एवं जनगणना आयुक्त (आरजीआई) ने अपने सभी निदेशालयों को निदेशालयों को निर्देश जारी किए हैं कि देश में जनगणना के दौरान भौगोलिक क्षेत्र की पूरी कवरेज सुनिश्चित करने के लिए नदी, वन जैसी सभी प्राकृतिक विशेषताओं, परिवहन मार्गों (राष्ट्रीय और राज्य राजमार्ग एवं रेल पटरियां) को मानचित्र विभाग की ओर से उपलब्ध कराए गए भू-स्थानिक डाटा में अपडेट करना अनिवार्य है। आजीआई ने कहा कि प्रशासनिक सीमाओं से जुड़े मौजूदा भू-स्थानिक डाटा को भी अपडेट करना जरूरी है, ताकि जनगणना के दौरान कोई भी क्षेत्र न छूटे या दोहराव न हो। अपने सभी कार्यालयों को जारी एक सरकारी आदेश में आरजीआई मृत्युंजन कुमार नारायण ने कहा, नदियां, नाले,आरक्षित वन जैसी सभी प्राकृतिक विशेषताओं को मानचित्र विभाग की ओर से दिए गए भू-स्थानिक आंकड़ों को सही तरीके से अपडेट करना जरूरी है। उन्होंने आगे कहा, राष्ट्रीय और राज्य राजमार्गों के साथ-साथ रेल लाइनों (ब्रॉड गेज और मीटर गेज) जैसी परिवहन सुविधाओं को भी नवीनतम जानकारी के आधार पर सावधानीपूर्वक अपडेट किया जाना चाहिए।आरजीआई ने कहा, यह जनगणना की तैयारियों का महत्वपूर्ण हिस्सा है और राज्यों, जिलों, उप-जिलों, शहरों, वार्डों और गांवों की मौजूदा सीमाओं के अनुसार प्रशासनिक सीमाओं को अपडेट करना जरूरी है। इसका मकसद जनगणना के दौरान देश के हर कोने को कवर करना है।आदेश में बताया गया कि ये अपडेट किया हुआ डाटा डिजिटल फ्रेमवर्क के रूप में इस्तेमाल होगा, जिससे घरों की सूची के खंड बनाए जाएंगे। इसमें कहा गया, डिजिटल जनगणना के लिए अपडेट की गई प्रशासनिक सीमाएं बेहद जरूरी हैं, जिससे क्षेत्रीय कार्यों और जनगणना कवरेज की निगरानी प्रभावी ढंग से की जा सके। आरजीआई ने बताया कि इन मानचित्रों का उपयोग हर गांव और शहर (वार्ड सहित) की पुष्टि के लिए किया जाएगा कि वे किस उप-जिला या शहरी निकाय में आते हैं। सभी अपडेट एक जनवरी 2010 के बाद हुए प्रशासनिक बदलावों को कवर करेंगे,

# Asia Cup:

## पाकिस्तानी खिलाड़ियों से हाथ नहीं मिलाने पर गांगुली का टिप्पणी से इनकार, बोले- आतंकवाद खत्म हो



भारत और पाकिस्तान के बीच रिश्तों की तल्खी क्रिकेट के मैदान पर भी देखने मिली जब एशिया कप के मुकाबले के दौरान भारतीय खिलाड़ियों ने चिर प्रतिद्वंद्वी टीम के खिलाड़ियों से हाथ नहीं मिलाया। अब इस मामले को लेकर सौरव गांगुली ने टिप्पणी से इनकार कर दिया है।भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) के पूर्व अध्यक्ष सौरव गांगुली ने भारतीय टीम के पाकिस्तानी खिलाड़ियों से हाथ नहीं मिलाने पर टिप्पणी से इनकार कर दिया। दिग्गज भारतीय बल्लेबाज गांगुली का कहना है कि ना सिर्फ भारत और पाकिस्तान, बल्कि दुनिया में हर जगह से आतंकवाद खत्म होना चाहिए। भारत और पाकिस्तान के बीच रिश्तों की तल्खी क्रिकेट के मैदान पर भी देखने मिली जब एशिया कप के मुकाबले के दौरान भारतीय खिलाड़ियों ने चिर प्रतिद्वंद्वी टीम के खिलाड़ियों से हाथ नहीं मिलाया।भारत ने रविवार को दुबई में खेले गए मैच में पाकिस्तान को सात विकेट से धूल चटाई। भारतीय खिलाड़ियों ने पूरे मैच के दौरान पाकिस्तानी खिलाड़ियों को तवज्जो नहीं दी और मैच खत्म होने के बाद कप्तान सूर्यकुमार यादव और शिवम दुबे सीधे पवेलियन लौट गए। गांगुली ने कहा, सबसे अहम है कि आतंकवाद खत्म होना चाहिए, सिर्फ भारत और पाकिस्तान में नहीं बल्कि पूरी दुनिया में। आपने बहुत सी चीजें होते देखी हैं, इसे भी रुकना चाहिए, लेकिन खेल नहीं रुक सकते। दुनिया भर में आतंकवाद रुकना चाहिए। गांगुली ने पाकिस्तान के साथ हाथ नहीं मिलाने के मुद्दे पर कोई टिप्पणी नहीं की। उन्होंने कहा, 'आपको सूर्यकुमार यादव से पूछना होगा, उन्हें जवाब देना होगा। मैं बहुत दूर हूं, अपने कपड़ों के ब्रांड को लॉन्च कर रहा हूं। उन्होंने भी इसका जवाब दे दिया है। हर किसी की अपनी बात होती है, बस।' गांगुली ने कहा कि वह भारत-अफगानिस्तान मैच देखना पसंद करेंगे। उन्होंने कहा, पाकिस्तान कहीं से अब टक्कर देने वाली टीम नहीं है। मैं यह बात पूरे सम्मान के साथ कह रहा हूं क्योंकि मैंने उनकी टीम को देखा है। इस टीम में वैसा स्तर नहीं है। भारत क्रिकेट में पाकिस्तान और एशिया कप की किसी भी टीम से बहुत आगे है। एक-दो दिन तो ऐसे होंगे जब उन्हें हार मिलेगी, लेकिन ज्यादातर दिन भारत सर्वश्रेष्ठ टीम ही रहेगी।

# Pro Kabaddi League

## पुणेरी पलटन ने बंगाल वारियर्स को 45-36 से हराया,



पुणेरी पलटन ने प्रो कबड्डी लीग के मौजूदा सत्र में अपना दबदबा जारी रखते हुए बुधवार को बंगाल वारियर्स के खिलाफ 45-36 की आसान जीत दर्ज की। कप्तान असलम इनामदार, आदित्य शिंदे और विशाल भारद्वाज के शानदार प्रदर्शन की बदौलत पुणे की टीम ने बंगाल वारियर्स को पछाड़ा जिसके लिए देवांक दलाल ने 17 अंक जुटाए। देवांक के शानदार प्रदर्शन के बावजूद हालांकि वारियर्स की टीम अंतिम 10 मिनट में 28-37 से पीछे थी और टीम अंतिम लम्हों में इस अंतर को पाटने में विफल रही।